न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

पीठासीन अधिकारी : पीयूष समारिया, आई0ए0एस0

प्रकरण संख्या - 53 /2026 (Bank Case)

GCMS NO. – 2026/97

बैंक ऑफ बडौदा शाखाः झालावाड रोड, कोटडी चौराहा, कोटा (राज0) 324007 जर्ये प्राधिकृत अधिकारी मोअज्जम मसूद – प्रार्थी

बनाम

1. श्री मुसर्रत हुसैन पुत्र श्री मुर्तजा हुसैन –(ऋणी / बंधककर्ता)
   पता– 1–एलए–15,विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324005
2. श्री मुर्तजा हुसैन पुत्र श्री गुलाम हुसैन –(सहऋणी)
   पता– 1–एलए–15,विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324005
3. श्रीमती जैबा मुशर्रफ पत्नी श्री मुसर्रत हुसैन –(सहऋणी)
   पता– 1–एलए–15,विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324005

– अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002

उपस्थितः–

श्री कुलदीप सिंह जादौन अभिभाषक प्रार्थी

आदेश

दिनांकः 20.05.2026

संक्षेप मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा शाखाः झालावाड रोड, कोटडी चौराहा, कोटा (राज0) 324007, से अप्रार्थी ने दिनांक 11.12.2015 को ऋण रूपये 35,00,000 / – (अक्षरेः रूपये पेतीस चालीस लाख मात्र) का ऋण लिया था। अप्रार्थीगण ने ऋण व उसके मय ब्याज के पुनर्भुगतान हेतु सिक्योरिटी के रूप मे **1) श्री मुसर्रत हुसैन पुत्र श्री मुर्तजा हुसैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय अचल सम्पत्ति 4–भ–41, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324007 पर स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 67 वर्ग गज है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व मेंः मकान नं0 4–भ–40, पश्चिम मेंः– मकान नं0 4–भ–42, उत्तर मेंः– मकान नं0 4–भ–16, दक्षिण मेंः– रोड,**
2) श्री मुर्तजा हुसैन पुत्र श्री गुलाम हुसैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय अचल सम्पत्ति 4–भ–42, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324007 पर स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 67 वर्ग गज है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व मेंः मकान नं0 4–भ–41, पश्चिम मेंः– मकान नं0 4–भ–43, उत्तर मेंः– मकान नं0 4–भ–15, दक्षिण मेंः– रोड, है को प्रार्थी बैंक के पक्ष में गिरवीकृत किया गया था। अप्रार्थीगण ने नियमित रूप से प्रार्थी का उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सका और ऋण के भुगतान में व्यक्तिक्रम व डिफाल्ट होने पर प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण के खाते को दिनांक 23.11.2025 को एन.पी.ए. कर दिया गया। अप्रार्थी के ऋण खाते मे रूपये 36,01,218.11 / – (अक्षरे छत्तीस लाख एक हजार दो सौ अठारह रूपये एवं ग्यारह पैसे मात्र) दिनांक 25.11.2025 तक (सम्मिलित ब्याज 22.11.2025) व आगे की बकाया राशि मय ब्याज व खर्चे पूर्णभुगतान करने तक के लिए अप्रार्थीगण जिम्मेदार है। प्रार्थी बैंक ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण को दिनांक 26.11.2025 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, नोटिस प्राप्ति के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। ऋणी द्वारा बंधक सम्पत्ति का कब्जा भी प्रार्थी बैंक को नही संभलाया है। प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत उपरोक्त खाते मे देय राशि के पुर्नभुगतान हेतु रहनशुदा सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस इमदाद संभलाने के लिये यह प्रार्थना पत्र जरिये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया ।

अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रकट किया कि अप्रार्थीगणों ने उसके खाते मे देय ऋण राशि मय ब्याज की राशि के भुगतान हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत अप्रार्थी दिनांक 26.11.2025 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, नोटिस प्राप्ति के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलवाने का आदेश फरमाते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। प्रार्थी बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत दिनांक 26.11.2025 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, नोटिस प्राप्ति के पश्चात भी मांग की गई राशि का अप्रार्थी द्वारा भुगतान नहीं किया है। अतः प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है ऋणी/ बंधक 1) श्री मुसर्रत हुसैन पुत्र श्री मुर्तजा हुसैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय अचल सम्पत्ति 4–भ–41, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324007 पर स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 67 वर्ग गज है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व में: मकान नं0 4–भ–40, पश्चिम में:– मकान नं0 4–भ–42, उत्तर में:– मकान नं0 4–भ–16, दक्षिण में:– रोड, 2) श्री मुर्तजा हुसैन पुत्र श्री गुलाम हुसैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय अचल सम्पत्ति 4–भ–42, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) 324007 पर स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 67 वर्ग गज है। जिसकी चर्तु सीमाए– पूर्व में: मकान नं0 4–भ–41, पश्चिम में:– मकान नं0 4–भ–43, उत्तर में:– मकान नं0 4–भ–15, दक्षिण में:– रोड, है का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा जरिये संबंधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिलाने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्ता व यात्रा व्यय आदि का भुगतान नियमों मे देय है तो संबंधित बैंक द्वारा वहन किया जायेगा। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक, पुलिस अधीक्षक (शहर) कोटा को हस्ब कायदा जारी हो।

आदेश आज दिनांक 20.05.2026 को सुनाया गया।

(पीयूष समारिया)
जिला मजिस्ट्रेट कोटा
जिला मजिस्ट्रेट
कोटा (राज०)